प्रेस नोट-

थाना मऊरानीपुर, जनपद झांसी

दिनांक-08.09.2025

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **हत्या के प्रयास के अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष किया गया पेश,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 08.09.2025 को थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 328/2025 धारा 191(2)/191(3)/131/126(2)/109/115(2)/352/351(3) BNS मे वांछित अभियुक्तगण 1. रोहित यादव पुत्र महेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष 2. आशीष उर्फ डल्लू पुत्र महेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू यादव उम्र 34 वर्ष निवासी गण ग्राम मैलोनी थाना मऊरानीपुर झांसी को बसेरा सिटी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 29.07.2025 को वादिया श्रीमती पिन्की पत्नी रूप सिंह उर्फ गुलगुल यादव निवासी ग्राम मैलोनी थाना मऊरानीपुर जिला झाँसी द्वारा थाना मऊरानीपुर पर लिखित सूचना दी गई कि दिनांक 09.07.2025 को शाम करीब 07 बजे वादिया के पति रूप सिंह उर्फ गुलगुल यादव दूध बेंचकर वापस आ रहे थे, तभी गरौठा अण्डर ब्रिज के पास अभियुक्तगण अभिषेक यादव उर्फ छोटू, मानवेन्द्र उर्फ मनु, आशीष उर्फ डल्लु, रोहित यादव पुत्र महेंद्र यादव व भगवत उर्फ मनु पुत्र मान सिंह वादिया के पति की स्कूटी को रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से लाठी डण्डों, कुल्हाडी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना मऊरानीपुर पर मु0अ0सं0-328/2025 धारा 191(2)/191(3)/131/126(2)/109/115(2)/352/351(3) BNS पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विवेचना के दौरान दिनाँक 16.08.2025 को अभियुक्त मानवेन्द्र सिंह उर्फ मनु उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। शेष वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था, जिसके क्रम में आज दिनांक 08.09.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण रोहित यादव व आशीष उर्फ डल्लू को बसेरा सिटी के पास थाना क्षेत्र मऊरानीपुर से गिरफ्तार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। शेष वाँछित अभियुक्त गण अभिषेक यादव व भगवत उर्फ मनु की पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. रोहित यादव पुत्र महेन्द्र सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मैलोनी थाना मऊरानीपुर झांसी
2. आशीष उर्फ डल्लू पुत्र महेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम मैलोनी थाना मऊरानीपुर झांसी

अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक- बसेरा सिटी के पास थाना मऊरानीपुर जिला झांसी, दिनांक 08.09.2025 समय 10.45 AM बजे

गिरफ्तार / सहयोग करने वाली टीम –

1.निरीक्षक/विवेचक श्री इन्द्रपाल सरोज, थाना मऊरानीपुर झांसी

2.उ.नि. श्री अमित तोमर, थाना मऊरानीपुर झांसी

3.का0 641 विजय कुमार त्रिपाठी, थाना मऊरानीपुर झांसी

4.का0 1060 अप्निल मौर्य, थाना मऊरानीपुर झांसी